रोघी पंचायत (कल्पा ब्लॉक) मे प्रशिक्षण का आयोजन

भा. कृ. अ. प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, शिमला द्वारा कल्पा ब्लॉक के रोघी गांव के किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं किसान महत्व समूह (Farmer's Interest Group) का आयोजन दिनांक 07/08/2018 को किया गया। कार्यक्रम के शुरवात में श्री संतोष वाटपाडे ने संस्थान के बारे में संक्षेप में जानकारी किसानों को दी। डा. मधु पटियाल ने गेहूं और जौ की नई बिमारी प्रतिरोधि एवं उच्च उपजाऊ किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी दी। किसानो को उनकी जौ को लगाने में रूचि और कोन से किस्मे लगते है के बारे में पूछा गया । किसानो ने भारतीय कृषी अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, शिमला द्वारा विकसित जौ की किस्मो को लगाने में अपनी रूचि व्यक्त की खासकर, "बी एच एस 380" किस्म । किसानो को इस साल इस किस्म का बीज देने के बारे में सोचा गया।

श्री संतोष वाटपाडे ने सेब के मुख्य रोगों एवं मुख्य किटों के लक्षण, जीवनचक्र और उनका एकीकृत प्रबंधन कैसे किया जाए इससे किसानों को अवगत कराया। इसके अलावा डी. एस. टी. परियोजना "Establishment of Virus Free elite mother block of apple in tribal areas of Kinnaur and Lahaul Spiti in Himachal Pradesh" के बारे मे संक्षेप मे जानकारी दी। विषाणुमुक्त मादा पौधो के चयन का महत्व किसानों को बताया। कार्यक्रम में किसानों केलिए बनाया गया फ़ोल्डर "सेब के मुख्य रोग एवं कीट और उनका एकीकृत प्रबंधन" एवं "पर्वतीय क्षेत्रों में जौ की उन्नत खेती" किसानो को दिया गया। संस्थान द्वारा विकसित प्रजातियों के बीजो को भी किसानो को दिखाया गया । इसके आलावा जौ की लोकल प्रजाति (जर्मप्लास्म) को भी इकठ्ठा किया गया। अंत मे डा मधु पटियाल ने कार्यक्रम मे उपस्थित पंचायत प्रधान व पंचायत के अन्य मान्यवरों, किसानों का आभार व्यक्त किया। इस प्रशिक्षण का आयोजन डी. एस. टी. परियोजना के अंतर्गत डा. मधु पटियाल एवम श्री संतोष वाटपाडे ने अध्यक्ष, भा. कृ. अ. प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, शिमला के सहयोग द्वारा किया ।

अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रिय केंद्र, शिमला

कार्यालय
ग्राम पंचायत रोघी
विकास खण्ड कल्पा
जिला किन्नौर (हि.प्र.)
भा.कृ.अ.प. – भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केन्द्र (खाद्यान्न एवं उद्यान), अमरतारा कॉटेज, शिमला 171004
किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम/किसान संगोष्ठी
सौजन्य
सीड डिवीजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय,
प्रौद्योगिकी भवन नई मेहरोली रोड, नई दिल्ली-16